युवा स्वाभिमान यात्रा भोपाल रवाना

▶ 'छात्रों की गूंज' अभियान में कांग्रेस ने उठाई सरकार के खिलाफ आवाज

नवभारत न्यूज

इंदौर. कांग्रेस ने इंदौर से युवा स्वाभिमान यात्रा ज़ेन जी शुरू की. नीट पेपर लीक, सीबीएसई बोर्ड में गड़बड़ी, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ और बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर भोपाल तक उक्त यात्रा निकाली जा रही है. युवा स्वाभिमान यात्रा भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने के साथ सम्पन्न होगी.

मंगलवार सुबह आरएनटी मार्ग यूनिवर्सिटी गेट से गांधी प्रतिमा रीगल चौराहे से शुरू हुई यात्रा का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी स्वयं कर रहे हैं. पटवारी साइकिल से भोपाल के लिए रवाना हुए. साइकिल यात्रा शुरू करने से पहले पटवारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर पेपर लीक और धांधली के पीछे भाजपा और आरएसएस के लोगों का नाम आता है. नीट पेपर लीक कांड में 20 से ज्यादा युवाओं ने आत्महत्या कर ली है. पटवारी ने कहा कि यह केवल साइकिल यात्रा नहीं, बल्कि देश के युवाओं के सम्मान, शिक्षा और भविष्य को बचाने का आंदोलन है. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं के सपनों के साथ विश्वासघात किया है. प्रतियोगी परीक्षाओं के 90 से अधिक पेपर लीक होने की घटनाओं ने करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेल दिया है. युवा स्वाभिमान यात्रा के साइक्लोथॉन में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा,पूर्व मंत्री विजयलक्ष्मी साधौ, राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, विधायक सचिन यादव, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घंगोरिया, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, प्रदेश प्रवक्ता राजेश चौकसे, विनय बाकलीवाल, दीपक 'पिंटू' जोशी, दीपू यादव, अमन बजाज, निगम नेता प्रतिपक्ष सोनिला मीमरोट, प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया, युवा कांग्रेस प्रभारी शिवि चौहान, एनएसयूआई संगठन प्रभारी रवि दांगी, छात्रों की गूंज जिला समन्वयक पुनीत सिंह पारिया, मोती सिंह पटेल, पार्षद अंसाफ अंसारी, अनवर दस्तक, सीमा सोलंकी, कुणाल सोलंकी, रफीक खान,शैलेश गर्ग, मुकेश यादव, संजय बाकलीवाल, दौलत पटेल, सादिक खान, जिला संगठन महामंत्री दौलत पटेल, युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल, एनएसयूआई अध्यक्ष रजत पटेल, अभिजीत शर्मा, जतिन थोरात सहित बड़ी संख्या में स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कांग्रेस की प्रमुख मांगें...

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का तत्काल इस्तीफा.
- नीट एवं सभी पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच.
- पेपर लीक माफिया पर कठोर कार्रवाई होना चाहिए.
- सभी प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सरकारी भर्तियों का वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाए.
- कक्षा केजी से पीजी तक नि:शुल्क शिक्षा लागू हो.
- सभी रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती की जाए.
- सरकारी स्कूलों एवं महाविद्यालयों का सुदृढ़ीकरण किया जाए.
- युवाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समय पर भर्ती प्रणाली लागू हो.

प्रॉपर्टी ब्रोकर की मौत का मामला : दूसरी मंजिल से गिरने का वीडियो आया सामने

▶ 22 दिन से होटल में रह रहा था प्रॉपर्टी ब्रोकर

▶ तीन दोस्तों और वहीं ठहरी एक महिला से की जा रही पूछताछ

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर के एक होटल की दूसरी मंजिल से गिरकर हुई प्रॉपर्टी ब्रोकर की मौत के मामले में घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. फुटेज मिलने के बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है. घटना से पहले होटल पहुंचे तीन दोस्तों और वहां ठहरी एक महिला से भी पूछताछ की जा रही है.

अरबिंदो अस्पताल के पास स्थित श्याम पैलेस होटल में रविवार तड़के हुई इस घटना में जान गंवाने वाले प्रॉपर्टी ब्रोकर की पहचान जीतू साहू के रूप में हुई है. रविवार सुबह करीब चार बजे वह होटल की दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया था. सूचना मिलने पर पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. मंगलवार को सामने आए सीसीटीवी फुटेज में वह दूसरी मंजिल से गिरता दिखाई दे रहा है.

जांच में पता चला है कि घटना से पहले उसके तीन दोस्त होटल पहुंचे थे और करीब साढ़े तीन बजे वहां से चले गए थे. वहीं उसकी एक महिला मित्र होटल के दूसरे कमरे में ठहरी हुई थी. पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है. पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि जीतू पिछले 22 दिनों से होटल में कमरा लेकर रह रहा था. पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वह इतने दिनों से होटल में क्यों रह रहा था. रुपए के लेन देन समेत अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है. मंगलवार को परिजनों के बयान भी दर्ज किए.

हर पहलुओं पर की जा रही जांच

बाणगंगा थाना प्रभारी, सियाराम गुर्जर के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और संबंधित लोगों के बयानों के आधार पर घटना की वास्तविक परिस्थितियों का पता लगाया जा रहा है. शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है. सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

दहेज प्रताड़ना से तंग आकर दी जान, पति समेत नौ पर केस

इंदौर. आज़ाद नगर क्षेत्र में एक विवाहिता द्वारा आत्महत्या करने के मामले की जांच में दहेज प्रताड़ना की पुष्टि होने पर पुलिस ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. मदीना नगर निवासी 21 वर्षीय मंतशा खान ने 15 जून को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. पुलिस जांच में मायके पक्ष के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पति मोईन खान, फरदीन गनी, रईस खान, सूफिया उर्फ सोनू, रूबीना शेख, जेबा काजी, सलीम, परवीन और तोसिफ के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, आत्महत्या के लिए उकसाने और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.

महिला अधिकारी हत्याकांड : तीन दिन बाद भी आरोपी पति गिरफ्त से बाहर

नव भारत न्यूज

इंदौर. नवरतनबाग में महिला अधिकारी की हत्या के मामले में आरोपी पति वारदात के तीसरे दिन भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है. उसकी तलाश में पांच टीमें लगातार दबिश दे रही हैं. इधर, अंतिम संस्कार के बाद मृतका की बेटी ने सामने आकर पिता पर वर्षों तक प्रताड़ित करने के आरोप लगाए और कहा कि वह जिंदा मिलना चाहिए, ताकि उसे उसके किए की कड़ी सजा मिल सके.

रेल डाक सेवा में असिस्टेंट पोस्टल अधिकारी उर्मिला सैनी की हत्या के बाद उनकी बेटी प्रेक्षा पहली बार मीडिया के सामने आई. उसने बताया कि उसके पिता पिछले करीब 15 वर्षों से मां पर बेवजह शक करते थे और मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे. पहले भोपाल में रहने के दौरान और बाद में इंदौर आने के बाद भी वे दूसरे लोगों के नाम जोड़कर विवाद करते थे. विरोध करने पर मां के साथ मारपीट करते थे. एक बार बीच बचाव करने पर उसके सिर पर भी वस्तु फेंककर मारी थी, जिसका निशान आज भी है. उधर, संयोगितागंज पुलिस आरोपी अखिलेश सैनी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है. पुलिस को उसकी आखिरी लोकेशन बस स्टैंड के आसपास मिली थी. आरोपी अपने साथ एटीएम कार्ड भी ले गया है, लेकिन घटना के बाद से उसने किसी तरह का बैंक ट्रांजेक्शन नहीं किया, जिससे उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो सकी. पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि वारदात के दौरान आरोपी ने घर में टीवी की आवाज तेज कर दी थी, ताकि महिला की चीख पुकार बाहर तक न पहुंच सके और आसपास के लोगों को घटना की भनक न लगे. आरोपी की तलाश में संयोगितागंज पुलिस ने होटल संचालकों के सोशल मीडिया ग्रुप में उसकी तस्वीर भी जारी की है. पुलिस ने होटल संचालकों से अपील की है कि यदि आरोपी कहीं दिखाई दे या ठहरा हो तो तत्काल सूचना दें.

आरोपी की तलाश में पांच टीमें जुटीं

एडीसीपी क्राईम, राजेश दंडोतिया ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें लगातार तलाश कर रही हैं. संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और उसके आने जाने के सभी संभावित रास्तों पर नजर रखी जा रही है.

एक नजर में

वारदात की फिराक में घूम रहे 3 बदमाश चाकुओं समेत गिरफ्तार

इंदौर. हीरानगर पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है. तीनों पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर पकड़ लिया. तलाशी में उनके पास से तीन स्प्रिंगदार धारदार चाकू बरामद हुए. आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है. सोमवार रात क्षेत्र में संदिग्धों और बदमाशों की चेकिंग के दौरान भागीरथपुरा क्षेत्र में तीन युवक पुलिस को देखकर भागने लगे. पीछा कर उन्हें पकड़कर तलाशी ली गई तो तीनों के पास से एक एक स्प्रिंगदार धारदार चाकू मिला. चाकू रखने संबंधी कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज वे प्रस्तुत नहीं कर सके. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशीष जोसेफ उम्र 19 साल निवासी भागीरथपुरा शिव मंदिर रफली, जय कुशवाह उम्र 22 साल निवासी यादव कॉलोनी भागीरथपुरा तथा पारस केतवास उम्र 20 साल निवासी भागीरथपुरा के रूप में हुई है. एसीपी, रुबिना मिजवानी ने बताया कि तीनों आदतन अपराधी हैं और उनके खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. तीनों आरोपियों के कब्जे से स्प्रिंगदार धारदार चाकू जब्त कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज किया है. आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि वे किस वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे.

निरंजनपुर चाकूबाजी का फरार आरोपी दाऊ गिरफ्तार

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र के निरंजनपुर में युवक पर जानलेवा चाकू हमले के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी विकास उर्फ दाऊ को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी पर हत्या के प्रयास, लूट, मारपीट, अवैध वसूली और आर्म्स एक्ट समेत 20 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. लसूड़िया थाना प्रभारी, राजकुमार यादव के अनुसार, 19 जून की रात निरंजनपुर में पुरानी रंजिश के चलते लखन खोड़े अपने साथियों के साथ प्रदीप राजोरे के घर पहुंचा था और गाली-गलौज करने लगा. विरोध करने पर प्रदीप के भाई विकास राजोरे पर चाकू से हमला कर दिया. हमले में विकास के पेट, पीठ, पैर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं, जबकि साथ आए आरोपियों ने फरियादी और उसके परिजनों के साथ मारपीट की थी. घटना के बाद लसूड़िया पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की और पुलिस ने मुख्य आरोपी लखन खोड़े, पीयूष लुढ़ाते और विष्णु उर्फ बॉयलर को गिरफ्तार कर कर लिया, जबकि विकास उर्फ दाऊ फरार चल रहा था. पुलिस ने लगातार दबिश देकर फरार विकास उर्फ दाऊ उम्र 30 साल निवासी आईडीए मल्टी, स्कीम नंबर-134, खजराना को गिरफ्तार कर लिया. थाना प्रभारी के अनुसार, विकास उर्फ दाऊ शातिर बदमाश है, उसके खिलाफ इंदौर के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, लूट, मारपीट, अवैध वसूली और आर्म्स एक्ट समेत 20 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, आरोपी से पूछताछ की जा रही है.

कोर्ट परिसर में सरकारी वकील को धमकाया

▶ जमानत का विरोध करने पर दी अंजाम भुगतने की चेतावनी

नव भारत न्यूज

इंदौर. जिला न्यायालय परिसर में शासन की ओर से पैरवी कर रहे एक अतिरिक्त सरकारी अधिवक्ता को कोर्ट से बाहर निकलते ही रोककर धमकाने का मामला सामने आया है. आरोपी ने अपने रिश्तेदार की जमानत का विरोध करने से नाराज होकर अभद्रता की और गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी. पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

एमजी रोड थाने में जिला न्यायालय में पदस्थ अतिरिक्त सरकारी अधिवक्ता योगेश जायसवाल की शिकायत पर केशव नगर, धार रोड निवासी शाहरुख खान के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस को की गई शिकायत में बताया कि योगेश जायसवाल कोर्ट रूम नम्बर 30 में एक प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने के बाद बाहर निकल रहे थे. तभी शाहरुख ने उनका रास्ता रोक लिया और विवाद शुरू कर दिया. समझाने का प्रयास करने पर भी वह नहीं माना और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए धमकाने लगा. आरोप है कि बातचीत के दौरान शाहरुख ने बार-बार शर्ट के भीतर हाथ डाला, जिससे अधिवक्ता को उसके पास किसी हथियार के होने की आशंका हुई. स्थिति को भांपते हुए वह उससे दूर हट गए.

लोन दिलाने का झांसा देकर डेढ़ लाख की ठगी

▶ शातिर बदमाश होटल से गिरफ्तार

इंदौर. होटल में पहचान बढ़ाकर महिला को लोन दिलाने का झांसा देने वाले एक शातिर ठग को तेजाजी नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी महिला से डेढ़ लाख रुपए ऐंठने के बाद फरार हो गया था. पूछताछ में उसने ठगी की वारदात कबूल कर ली है.

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली रीना राठौर ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि होटल में ठहरने के दौरान उसकी पहचान संतोष वर्मा से हुई थी. आरोपी ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए जल्द

लोन स्वीकृत कराने का भरोसा दिलाया और अलग-अलग बहाने बनाकर करीब 1.50 लाख रुपए ले लिए. इसके बाद वह संपर्क तोड़कर फरार हो गया था. शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की. जांच के दौरान पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और शहर के विभिन्न होटलों में आरोपी की तलाश की. आखिरकार 12 जुलाई को उसे विजयनगर क्षेत्र के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की जा रही मारुति बलेनो कार एमपी 09 7706 भी जब्त की है.

रिमांड के दौरान अन्य मामलों में भी की जा रही पूछताछ

पूछताछ में आरोपी ने महिला से ठगी करना स्वीकार कर लिया. पुलिस रिमांड के दौरान उससे अन्य मामलों में भी पूछताछ की जा रही है. जांच में सामने आया कि 60 वर्षीय संतोष वर्मा, भंवरकुआं क्षेत्र का रहने वाला है और उसके खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. इनमें भंवरकुआं थाने के दो स्थायी वारंट तथा लसूड़िया थाने में धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला शामिल है. थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है. यह पता लगाया जा रहा है कि उसने इसी तरह की ठगी की अन्य वारदातें तो नहीं की हैं.

पहले साथी की गिरफ्तारी से खुली गांजा तस्करी की कड़ी

▶ 3.5 किलो गांजे के साथ दूसरा आरोपी भी दबोचा

नव भारत न्यूज

इंदौर. क्राइम ब्रांच ने गांजा तस्करी के एक मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3.500 किलोग्राम गांजा जब्त किया है. आरोपी को पहले गिरफ्तार किए गए तस्कर से मिली जानकारी और जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर पकड़ा है. इस कार्रवाई के साथ प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या दो हो गई है. क्राइम ब्रांच ने गुरुवार 9 जुलाई को पुराने अपराध के मामले में गोविंद नगर खारचा में रहने वाले एक आरोपी को 3.526 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया था.

पूछताछ और जांच के दौरान रतलाम जिले के बोरखेड़ा में रहने वाला 18 वर्षीय अनुज उर्फ छोटू जैन की संलिप्तता सामने आई. इसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई. टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास से 3.500 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ. प्रारंभिक पूछताछ में उसने इंदौर में नशे के आदी लोगों को गांजा बेचने के उद्देश्य से इसे लाना स्वीकार किया. पुलिस अब गांजे के स्रोत, सप्लायर और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है.

एनडीपीएस एक्ट : 1 जनवरी से 14 जुलाई तक 104 आरोपी गिरफ्तार

डीसीपी क्राईम, राजेश त्रिपाठी के अनुसार, इस वर्ष 1 जनवरी से 14 जुलाई तक एनडीपीएस एक्ट के 49 प्रकरणों में 104 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. इस दौरान 22.635 किलोग्राम एमडी ड्रग्स, 28.338 किलोग्राम गांजा, 500 किलोग्राम भांग, 256.08 ग्राम ब्राउन शुगर और 10 ग्राम कोकीन समेत करीब 2.79 करोड़ रुपए कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए हैं.

हाई कोर्ट में न्यायाधीशों के कोर्ट रूम आवंटित

इंदौर. मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने प्रशासनिक आदेश जारी कर न्यायाधीशों के कोर्ट रूम और चैंबर आवंटित किए हैं. जारी अधिसूचना के अनुसार न्यायमूर्ति विनय सराफ को कोर्ट रूम क्रमांक 6 तथा न्यायमूर्ति पवन कुमार द्विवेदी को कोर्ट रूम क्रमांक 2 आवंटित किया गया है. दोनों न्यायाधीशों को संबंधित चैंबर भी आवंटित किए गए हैं. प्रशासनिक आदेश प्रधान रजिस्ट्रार अनूप कुमार त्रिपाठी द्वारा जारी किया.

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ 2026)

अपनी अधिसूचित फसल का बीमा
31 जुलाई 2026 तक अवश्य कराएं

प्रिय किसान भाइयो एवं बहनो,

वर्ष 2026 में एल-नीनो (El Niño) के संभावित प्रभाव से वर्षा में अनियमितता एवं प्राकृतिक आपदाओं की संभावना को देखते हुए अपनी खरीफ फसल की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

फसल बीमा प्राकृतिक आपदा, सूखा, अतिवृष्टि एवं अन्य मौसम जनित जोखिमों से होने वाली आर्थिक हानि से सुरक्षा प्रदान करता है।

अंतिम तिथि का इंतजार न करें

आज ही निकटतम बैंक शाखा, ग्राहक सेवा केन्द्र, फसल बीमा पोर्टल, फसल बीमा ऐप एवं अधिकृत बीमा कंपनी के मध्यस्थ के माध्यम से फसल बीमा कराएं।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मध्यप्रदेश शासन

D11060/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

एक नजर में ▶ लगातार बढ़ रही महंगाई से नौकरीपेशा, मध्यम और निम्न आय वर्ग की जेब पर पड़ रहा सीधा असर

महंगी होती जा रही सब्जियों ने गृहणियों की रसोई का बजट बिगाड़ा

इंदौर. शहर में सब्जियों एवं अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों ने गृहणियों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है. पिछले तीन महीनों में अधिकांश सब्जियां महंगी होने से गृहिणियों की चिंता बढ़ गई है, वहीं नौकरीपेशा, मध्यम और निम्न आय वर्ग पर महंगाई का सीधा असर पड़ रहा है.

शहर में सब्जियों एवं अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है. पिछले तीन महीनों के बाजार आंकड़ों के अनुसार जुलाई में अधिकांश हरी सब्जियों के दाम लगातार बढ़े हैं, जिससे रसोई का बजट पूरी तरह प्रभावित हो गया है. वहीं अधिकांश उपभोक्ता वस्तुओं के दामों में भी इजाफा हो गया है. इस महंगाई का सबसे अधिक असर मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर देखने को मिल रहा है, जिन्हें अब जरूरत के हिसाब से ही सब्जियां एवं अन्य वस्तुएं खरीदनी पड़ रही हैं. गृहणियों का कहना है कि पहले जितनी राशि में सप्ताहभर की सब्जियां आ जाती थीं, अब उतने पैसों में दो-तीन दिन की सब्जियां ही आ पा रही हैं. वहीं बढ़ती महंगाई के असर ने नौकरीपेशा लोगों का मासिक बजट गड़बड़ा दिया है. व्यापारियों के अनुसार पिछले दिनों हुई तेज बारिश के कारण आवक में कमी और परिवहन लागत बढ़ने के कारण सब्जियों के दामों में लगातार उछाल बना हुआ है. यदि जल्द कीमतों में राहत नहीं मिली तो आने वाले दिनों में आम उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं.

इनका कहना है...

महंगाई का सबसे ज्यादा असर हम जैसे मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है. बच्चों की जरूरतें घर का खर्च और अब महंगी सब्जियां, सब कुछ संभालना मुश्किल हो गया है.

- पूजा रघुवंशी ग्रहणी

हर दिन बढ़ती महंगाई से घर चलाना बहुत मुश्किल हो गया है. पहले हर तरह की सब्जी खरीद लेते थे, लेकिन अब दाम देखकर ही फैसला करना पड़ता है.

- शकुंतला बाई ग्रहणी

सब्जियों के दाम बढ़ने की मुख्य वजह मंडियों में आवक कम होना और बारिश के कारण फसल प्रभावित होना है. परिवहन खर्च भी बढ़ा है, जिससे सब्जियां महंगी हो रही हैं.

- हिम्मत भाई सब्जी व्यापारी